आईटीएस मुरादनगर में छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता

गाजियाबाद(युग करवट)। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह में आईटीएस मुरादनगर के एमडीएस एवं फिजियोथेरेपी विभाग के छात्रों ने इस वर्ष भी स्वर्ण पदक पर अपना आधिपत्य लगातार बनाये रखा। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा की गई और पद्मश्री प्रोफेसर यतेन्द्र कुमार बजाज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर एमडीएस की छात्रा श्रद्धा सेकिया, बीपीटी की पूजा शर्मा और एमपीटी की निधि झा को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। छात्राओं ने इसका श्रेय आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन माननीय अर्पित चड्ढा को दिया। इसके अलावा कॉलेज में उपलब्ध उपयुक्त अनुसंधान व्यवस्थाओं से छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ मिला है। सभी पदक धारी छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन विशेषकर आईटीएस समूह के चेयरमैन आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डेन्टल विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेटटी, फिजियोथेरेपी विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. सीएस राम एवं उप प्रधानाचार्य डॉ. ए थंगराज को धन्यवाद दिया।

आईटीएस कालेज के छात्रों को चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित

कृष्ण उजाला संवाददाता

मुरादनगर । चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह में आई टी एस कॉलेज मुरादनगर के एम डी एस एवं फिजियोथेरेपी विभाग के छात्रों ने इस वर्ष भी स्वर्ण पदक पर अपना आधिपत्य लगातार बनाये रखा। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला एवं राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमति आनंदीबेन पटेल द्वारा की गई।

इस समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर यतेन्द्र कुमार बजाज थे। चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के 34 वें दीक्षांत समारोह में एम0डी0एस पाठ्यक्रम की छात्रा श्रद्धा सेकिया एवं बी पी टी की पूजा शर्मा, एम पी टी की निधि झा को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विशिष्ट योग्यता

प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

छात्र.छात्राओं को इस स्तर पर पहुंचाने में आई टी एस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

अर्पित चड्ढा के दिशा निर्देश से कालेज के छात्र.छात्राओं को बहुत मार्गदर्शन मिला है। कालेज में उपलब्ध उपयुक्त अनुसंधान व्यवस्थाओं से छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ मिला है।

सभी पदक धारी छात्रों ने योग्य शिक्षक गणों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के प्रदर्शन को बढ़ाने वाली सभी सुविधाओं के लिए कॉलेज प्रशासन विशेषकर आई टी एस समूह के चेयरमैन आर पी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डेन्टल विभाग के प्रधानाचार्य डा देवी चरण शेटटी, एवं फिजियोथेरेपी विभाग के प्रधानाचार्य डॉ सी एस राम एवं उप.प्रधानाचार्य डॉ एम थंगराज को धन्यवाद दिया।

आईटीएस कालेज मुरादनगर के छात्रों को

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित

समारोह

- छात्र.छात्राओं को इस स्तर पर पहुंचाने में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा

अथाह संवाददाता

मुरादनगर। चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित 34वें दीक्षांत समारोह में आईटीएस कॉलेज मुरादनगर के एमडीएस एवं फिजियोथेरेपी विभाग के छात्रों ने इस वर्ष भी स्वर्ण पदक पर अपना आधिपत्य लगातार बनाये रखा।

इस समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल द्वारा की गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर यतेन्द्र कुमार बजाज थे।

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के 34वें दीक्षांत समारोह में एमडीएस पाठ्यक्रम की छात्रा श्रद्धा सेकिया एवं बीपीटी की पूजा शर्मा, एमपीटी की निधि झा को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

छात्र.छात्राओं को इस स्तर पर पहुंचाने में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

अर्पित चड्ढा के दिशा निर्देश से कालेज के छात्र- छात्राओं को बहुत मार्गदर्शन मिला है। कालेज में उपलब्ध उपयुक्त अनुसंधान व्यवस्थाओं से छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ मिला है।

सभी पदकधारी छात्रों ने योग्य शिक्षक गणों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों के प्रदर्शन को बढ़ाने वाली सभी सुविधाओं के लिए कॉलेज प्रशासन विशेषकर आईटीएस समूह के चेयरमैन आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डेंटल विभाग के प्रधानाचार्य डा. देवी चरण शेट्ठी, एवं फिजियोथेरेपी विभाग के प्रधानाचार्य डा. सीएस राम एवं उप प्रधानाचार्य डा. एम थंगराज को धन्यवाद दिया।